तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 18 मार्च 2026



10 नगपुरा में कुपोषण मुक्त अभियान का आयोजन



12 शिशु संरक्षण माह की शुरुआत, 77 हजार से अधिक...






## खबर संक्षेप

### बोलेरो-बाइक की टक्कर में युवक की मौत

**डोडी।** मंगलवार की सुबह डोडी कच्चे मार्ग पर एक बाइक और चार पहिया वाहन में जबरदस्त टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई जानकारी के अनुसार भानुप्रतापपुर के कोकड़ीपारा निवासी अमन साहू पिता सत्यवान साहू 26 साल बालोद मे इलेक्ट्रिशियन का काम करता था जो कि प्रतिदिन भानुप्रतापपुर से बाइक में बालोद आना-जाना करता था। मंगलवार की सुबह भी वह काम के सिलसिले में निकाला था। इसी दौरान सुबह 8:30 बजे लिमहाटोला तालाब के पास विपरीत दिशा की ओर से आ रही बोलेरो वाहन सीजी 04 क्यू के 8173 ने बाइक सवार अमन साहू को जबरदस्त टक्कर मार दिया जिसमें उसके सिर में गंभीर चोट आने की वजह से मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई। पोस्टमार्टम के बाद उनके निवास स्थान पर अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया। जानकारी के अनुसार अमन अपने माता-पिता का अकेला बेटा था।

### शिव-पार्वती की मूर्ति खंडित, अपराध दर्ज

**बालोद।** ग्राम में स्थापित शिव पार्वती की मूर्ति को रात्रि में एक ग्रामीण ने खण्डित कर दिया। जिसके बाद ग्राम पंच ने उक्त व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 298 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वार्ड क्रमांक 06 का पंच ग्राम देवकोट चौंकी कंवर निवासी तारेन्द्र कुमार पिता तेजराम साहू 35 वर्ष ने पुलिस को बताया कि हमारे ग्राम के वार्ड क्रमांक 05 व 06 में कला मंच ▶▶| शेष पेज 10 पर

### बाजारों से गांवों तक प्लास्टिक का बढ़ता जहर, प्रशासनिक कार्रवाई पर उठे सवाल

# दल्लीराजहरा में सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध बेअसर, खुलेआम हो रहा उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा शहर सहित पूरे क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक पर लगे प्रतिबंध की खुलेआम धज्जियां उड़ रही हैं। किराना दुकानों से लेकर होटलों, ठेलों, गुमटियों और चौक-चौराहों तक हर जगह प्लास्टिक का इस्तेमाल बिना किसी रोक-टोक जारी है। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि "प्रतिबंध" शब्द अब केवल सरकारी फाइलों तक सीमित नजर आ रहा है, जबकि जमीन पर प्लास्टिक का जहर हर दिन फैलता जा रहा है।

**हर हाथ में प्लास्टिक, हर दुकान में नियमों की अनदेखी:** सुबह से लेकर देर रात तक शहर के मुख्य बाजारों में प्लास्टिक कैरी बैग, डिस्पोजल कप और प्लेट का धड़ल्ले से उपयोग हो रहा है। दुकानदार बिना किसी डर के ग्राहकों को प्लास्टिक थमा रहे हैं और ग्राहक भी बिना हिचक इसे स्वीकार कर रहे हैं। न कोई जांच, न कोई कार्रवाई मानो नियम अस्तित्व में ही नहीं हैं।





#### नियमों के अनुरूप कार्रवाई की जाएगी

प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी देवेंद्र नेताम तहसीलदार कहते हैं की सिंगल यूज प्लास्टिक पूरी तरह प्रतिबंध है। समय-समय पर आकस्मिक कार्रवाई की जाती है, शीघ्र ही शासन के नियमों के अनुरूप कड़ी कार्रवाई की जाएगी। संबंधित विभाग को निर्देशित किया जाएगा और बाजारों में संबंधित विभाग के दल पहुंचकर कड़ी कार्रवाई करेंगे। - **देवेंद्र नेताम,** प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी

#### खेत, नाले और मवेशी खतरे में

ग्रामीण क्षेत्रों में प्लास्टिक का असर और खतरनाक रूप ले रहा है। नालों में प्लास्टिक भर गया है, पानी का बहाव रुक रहा है। मवेशी इसे खा रहे हैं और बीमार हो रहे हैं, सालहे कोकान के एक ग्रामीण किसान रामेश्वर ने चिंता जताई। यह स्थिति सीधे तौर पर खेती, पशुपालन और ग्रामीण जीवन को प्रभावित कर रही है। नगरपालिका और संबंधित विभागों का कहना है समय-समय पर कार्रवाई की जाती है और जल्द ही विशेष अभियान चलाया जाएगा। लेकिन हकीकत यह है कि शहर में कहीं भी सख्ती नजर नहीं आ रही। कार्रवाई के नाम पर केवल औपचारिकता निभाई जा रही है। 'प्लास्टिक का जहर' क्यों बन रहा है सबसे बड़ा खतरा सैकड़ों साल तक नष्ट नहीं होता, धरती को स्थायी नुकसान,जल स्रोतों को प्रदूषित कर पीने के पानी को खतरे में डालता है।

#### दल्लीराजहरा के व्यापारियों का दर्द या बहाना?

व्यापारियों का साफ कहना है-सरकार ने प्रतिबंध तो लगा दिया, लेकिन विकल्प नहीं दिया। कपड़े या कागज के बैग महंगे हैं, ग्राहक पैसे देने को तैयार नहीं होते। ऐसे में व्यापार चलाना मुश्किल हो जाता है। कुछ व्यापारियों ने यह भी स्वीकार किया कि अगर प्रशासन सख्ती से कार्रवाई करे तो हम भी मजबूरी में प्लास्टिक छोड़ देंगे। ग्राहकों की सोच भी इस समस्या को बढ़ावा दे रही है। हम जल्दी में रहते हैं, हर बार थैला साथ रखना संभव नहीं होता, एक स्थानीय ग्राहक सेवक कुमार, रोहित शर्मा ने कहा। सुविधा की आदत ने पर्यावरण की चिंता को पीछे छोड़ दिया है। मवेशियों के लिए मौत का कारण बनता है जलाने पर जहरीली गैसें, जो कैंसर जैसी बीमारियों को बढ़ावा देती हैं माइक्रोप्लास्टिक बनकर खाने-पीने की चीजों में घुलकर इंसान के शरीर तक पहुंच रहा है दल्लीराजहरा में सिंगल यूज प्लास्टिक की स्थिति अब चेतावनी के स्तर को पार कर चुकी है। जरूरत है। सख्त और लगातार कार्रवाई की,भारी जुर्माने और लाइसेंस रद्द करने जैसे कदमों की,सस्ते वैकल्पिक साधनों की उपलब्धता और सबसे जरूरी, जनता की जिम्मेदारी तय करने की अगर अभी भी प्रशासन और जनता नहीं जागे, तो आने वाले समय में दल्लीराजहरा प्लास्टिक प्रदूषण का बड़ा केंद्र बन सकता है। सवाल यह है।

# सोने-चांदी के जेवरात व नगदी की चोरी, 6 आरोपी गिरफ्तार





हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कसही में हुए चोरी के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए 06 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्रार्थी जिस गांव तिलईरवार गया हुआ था, उसी गांव के उसके रिश्तेदारों के द्वारा कसही पहुंचकर उसके घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया। घटना के लगभग 9 महीने बाद पुलिस को इस मामले में सफलता मिली है।

- **घटना के 9 महीने बाद पुलिस को मिली बड़ी सफलता**

पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर एवं उप पुलिस अधीक्षक बोनी फॉस एक्का के निर्देशन में थाना प्रभारी डौण्डीलोहारा निरीक्षक मुकेश सिंह ▶▶| शेष पेज 10 पर

#### सामान जब्त

आरोपियों के कब्जे से सोने का लॉकेट, 02 जोड़ी सोने का झुमका, 01 नग सोने का मंगलसूत्र, 01 नग सोने का छोटा हार, 05 जोड़ी चांदी की पायल, 05 नग चांदी के सिक्के, मोबाइल फोन सहित कुल लगभग 2,21,000 रुपये मूल्य के जेवरात एवं 28,500 रुपये नगद बरामद किया गया। बरामद संपत्ति की पहचान प्रार्थी एवं उसकी पत्नी द्वारा की गई। मुख्य आरोपी पूर्व में भी चोरी के मामलों में जेल जा चुके हैं तथा उनके विरुद्ध विभिन्न थानों में अपराध दर्ज हैं।

**पुलिस टीम का योगदान:** इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक मुकेश सिंह, सहायक उपनिरीक्षक अनित राम यादव, प्रधान आरक्षक दिगम्बर वर्मा, प्रधान आरक्षक अरविंद यादव, महिला प्रधान आरक्षक लिलेश्वरी देवांगन, आरक्षक विनोद कुमार, आरक्षक पूनम खरे, आरक्षक धर्मेन्द्र सेन तथा साइबर सेल ▶▶| शेष पेज 10 पर

#### गिरफ्तार आरोपी

खिलेन्द्र कुमार साहू उर्फ बंटी पिता गोपाल साहू, उम्र 23 वर्ष, निवासी ग्राम तिलईरवार थाना लालबाग जिला राजनांदगांव, पद्मा साहू पति लोकनाथ साहू, उम्र 47 वर्ष, निवासी ग्राम तिलईरवार थाना लालबाग जिला राजनांदगांव,नितिन कुमार झाड़े पिता अरुण कुमार झाड़े, उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम टप्पा थाना चिचोला जिला राजनांदगांव, महेश उर्फ महेशू साहू पिता लोकनाथ साहू, उम्र 25 वर्ष, निवासी ग्राम तिलईरवार थाना लालबाग जिला राजनांदगांव,भूपेन्द्र कुमार साहू पिता रेखचंद साहू, उम्र 24 वर्ष, निवासी ग्राम टप्पा थाना तुमड़ीबोड़ जिला राजनांदगांव, नुतेश कुमार साहू पिता गोपाल साहू, उम्र 28 वर्ष, निवासी ग्राम तिलईरवार थाना लालबाग जिला राजनांदगांव। सभी आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।




## खबर संक्षेप

### ग्राम सकरौद में झांकी, फाग गीत एवं जसगीत कार्यक्रम



**गुण्डरदेही।** ग्राम सकरौद में ग्रामीणो द्वारा पारंपरिक लोक संस्कृति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सुप्रसिद्ध पटपर झांकी, फाग गीत एवं जसगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर क्षेत्र के समाजसेवी व छाया विधायक जसवंत सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों द्वारा फाग गीत एवं जसगीत की मनमोहक प्रस्तुति दी गईं। मुख्य अतिथि जसवंत सिन्हा ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन हमारी संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कलाकारों व ग्रामीणो का उत्साहवर्धन करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन करते रहने की बात कही। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### पुराने विवाद में युवक से मारपीट, मामला दर्ज

**बालोद।** पुराने विवाद के चलते दो युवको ने एक युवक की पिटाई कर दी। जिसके बाद पीड़ित युवक की रिपोर्ट पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम कुलिया निवासी मोहनीश कुमार पटेल ने पुलिस को बताया कि 12 मार्च के शाम 05:40 बजे गांव के कलेश किराना दुकान के पास सामान खरीदने गया था, तभी कुछ देर बाद गांव का राजू बमबोड़े दुकान के पास आया और अपने साथ गांव के खेल मैदान के पास चलों कहकर मुझे ले गया खेल मैदान के पास उसका छोटा भाई गितेश्वर बमबोड़े खड़ा था, करीबन शाम 06 बजे, दोनों भाई बोलने लगा था कि हमारे साथ होली के दिन झगड़ा विवाद किये हो कहकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर दोनों भाई हाथ में पहने चुड़ा से मेरे दांया मस्तक में तथा सिर के पीछला हिस्सा में चोट एवं गला के पास खरोच आने से खून निकला है दर्द हो रहा है।

### ग्राम चिचबोड़ में भक्त मां कर्मा जयंती कल

**लाटाबोड़।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी बालोद ब्लॉक के ग्राम चिचबोड़ में ग्रामीण इस्तरी भक्त मां कर्मा कर्मा जयंती महोत्सव का आयोजन 19 मार्च गुरुवार को रखा गया है। जिसमें समस्त पदाधिकारी आमंत्रित है। ग्रामीण ताम्रध्वज साहू ने जानकारी देते हुए बताया कार्यक्रम की शुरुवात भव्य कलश यात्रा दोपहर 12 बजे से ध्वजारोहन 2 बजे वही सामाजिक बंधु के अलावा ग्रामीणों की मनोरंजन के लिए रात्रिकालीन छत्तीसगढ़ही नाच पार्टी मोर गवई गंगा परसाही (लाटाबोड़) वाले अपनी प्रस्तुति देंगे।

### जामगांव आर के 17 विद्यार्थी कक्षा 8 वीं की केंद्रीयकृत परीक्षा में शामिल हुए

**जामगांव आर।** सेजस मिडिल इंचार्ज छन्नूलाल साहू केन्द्राध्यक्ष के मार्गदर्शन में सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर के 17 विद्यार्थी मंगलवार को कक्षा 8 वी की केंद्रीयकृत परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा पश्चात विद्यार्थी बाहर मंदिर कैंपस में एकत्र होकर ग्रुप में आपसी चर्चा कर एक दूसरे का हाल चाल जाने। और अपना आंकलन करने का प्रयास किए। विधार्थियो ने बताया पेपर अच्छा आया था अच्छे नंबर भी मिलेंगे। विदित हो कि केंद्रीयकृत परीक्षा में प्रश्न और उत्तर उसी न पृष्ठ में होता है। इसलिए प्रश्न पत्र बाहर देखकर आंकलन की गहराई में जाना नहीं हो पाता है जिसकी टीस बच्चो में देखी गई। पालकों ने भी प्रश्न पत्र और उत्तरपुस्तिका पृथक पृथक होने को वर्तमान और भविष्य के लिए बच्चों के हित में बताया। केंद्रीयकृत परीक्षा का सेजस प्राचार्य कविता साहू ने निरीक्षण किया।

### बालोद में 12 ग्राम पंचायतें बनेंगी सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त

**बालोद।** अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक ने बताया कि जिला प्रशासन बालोद ने प्लास्टिक मुक्त सिंगल यूज प्लास्टिक ग्राम पंचायत अभियान हेतु प्रथम चरण अंतर्गत 12 ग्राम पंचायतों का चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत जनपद पंचायत बालोद क्षेत्र अंतर्गत ओरमा, देवीनवागांव, झलमला एवं सिवनी, जनपद पंचायत गुरूर क्षेत्र अंतर्गत पेण्डरवानी एवं अरकार, जनपद पंचायत गुण्डरदेही अंतर्गत कांदुल, कुरदी एवं मोंगरी, जनपद पंचायत डौण्डी अंतर्गत खैरवाही एवं गुजरा तथा जनपद पंचायत डौण्डीलोहारा अंतर्गत दुधली को प्लास्टिक मुक्त सिंगल यूज प्लास्टिक ग्राम पंचायत हेतु चयन किया गया है। कौशिक ने बताया विगत दिनों उक्त ग्राम पंचायतों के सरपंचों और सचिवों के साथ बैठक आयोजित कर सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है।

## गोद भराई, अन्नप्राशन और प्रतियोगिताओं के साथ पोषण सुधार का संकल्प

# नगपुरा में कुपोषण मुक्त अभियान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

एकीकृत बाल विकास परियोजना दुर्ग ग्रामीण की परियोजना अधिकारी उषा झा के मार्गदर्शन में ग्राम नगपुरा में कुपोषण मुक्त अभियान कार्यक्रम शासकीय प्राथमिक विद्यालय के सभा कक्ष में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन तथा विशेष अतिथि में सरपंच सरोज रिगरी पंच डोमेश्वरी देवांगन कमला देवांगन तथा अन्य अतिथि में स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर नरेंद्र जैन डॉक्टर आदित्य श्रीवास्तव अधिवक्ता विभा मिश्रा उपस्थित रहे।

- जागरूकता और स्वास्थ्य सेवाओं पर जोर

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं अतिथियों के स्वागत सम्मान से किया गया। परियोजना अधिकारी दुर्ग ग्रामीण उषा झा ने बताया कि दुर्ग ग्रामीण के सभी 232 आंगनवाड़ी को कुपोषण मुक्त करने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें सबसे पहले वजन एवं ऊंचाई के आधार पर कुपोषित बच्चों की पहचान, पालकों को पोषण स्तर की जानकारी देना, पालक बैठक, समुदाय आधारित प्रबंधन करके कुपोषण को जड़ से खत्म करने का प्रयास शामिल है। तत्पश्चात सेक्टर पर्यवेक्षक इंदु मिश्रा के द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में अधिवक्ता विभा मिश्रा ने महिलाओं को उनके कानूनी अधिकार के बारे में जागरूक किया। स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर श्रीवास्तव ने नए एचपीवी वैक्सीन के बारे में जानकारी दी जो 14 से 15 वर्ष के बीच के बच्चियों को लगाई जाएगी जिससे भविष्य में गर्भाशय एवं स्तन कैंसर से बचाव होगा। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष के द्वारा बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान हेतु शपथ दिलाई गई तथा ग्राम पंचायत को कुपोषण मुक्त करने हेतु सभी उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया।कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया जिसमें कुर्सी दौड़ में प्रथम पुरस्कार रोहिणी देशमुख द्वितीय पुरस्कार बमलेश्वरी उमरे एवं तृतीय पुरस्कार बसंती ने प्राप्त किया व्यंजन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार गीता द्वितीय पुष्पा एवं तृतीय प्यारी को प्राप्त हुआ। एस आई आर कार्य में सबसे पहले कार्य पूर्ण करने वाली रोहिणी देशमुख सुशीला एवं चमेली पारकर को सम्मानित किया गया। आंगनबाड़ी के छोटे-छोटे बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया भाग लिए सभी बच्चों को पुरस्कृत किया गया।






गर्भवती माताओं आरती यादव रजनी महंते राजेश्वरी शकुन साहू दुर्गा रानी का गोद भराई का कार्यक्रम किया गया वहीं 6 माह पूर्ण किए हुए बच्चों दिव्यांश चैतन्य तेजस राजीव अर्पिता का अन्नप्राशन का कार्यक्रम किया गया। सुपोषित बच्चों देवीशा ओमेश और रश्मि के पालकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में पर्यवेक्षक गीतांजलि भैसारे तृप्ति शर्मा आसपास की कार्यकर्ताएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला किशोरी बालिका की उपस्थिति रही।

## बढ़ती गर्मी के बीच स्वास्थ्य विभाग ने जारी की लू से बचाव की एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में ग्रीष्म ऋतु के आगमन के साथ ही तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है। बढ़ती गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग बालोद ने ग्रीष्म ऋतु के दौरान लू से बचने हेतु एडवाइजरी जारी की है। जारी एडवाइजरी में बताया गया है कि ग्रीष्म ऋतु में तापमान में वृद्धि होने के कारण लू की संभावना अधिक होती है। लू के दौरान सिर में भारीपन और दर्द का अनुभव होना, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का न आना, अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना, भूख न लगना व बेहोश होना आदि लक्षण हो सकते हैं।

लू तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने के कारण शरीर में पानी और खनिज मुख्यता नमक की कमी हो जाना होता है। इससे बचाव के लिए व्यक्ति को बहुत अनिवार्य न हो तो घर से बाहर ना जाए, धूप में निकलने से पहले सर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध लें। पानी अधिक मात्र में पीए, अधिक समय तक धूप में न रहे,गर्मी के दौरान नरम, मुलायम सूती के कपड़े पहनने चाहिए ताकि हवा और कपड़े पसीने को सोखते रहें, अधिक पसीना आने की स्थिति में ओ.आर.एस. घोल पीए, चक्कर आने, मिताली आने पर छायादार स्थान पर आराम करें तथा शीतल पेय जल अथवा उपलब्ध हो तो फल का रस, लस्सी, मठा आदि का सेवन कर सकते हैं। इसके अलावा प्रारंभिक सलाह के लिए 104 आरोग्य सेवा केन्द्र से निःशुल्क परामर्श लेने के साथ उल्टी, सर दर्द, तेज बुखार की दशा में निकट के अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केन्द्र में इलाज करा सकते हैं।

### प्रारंभिक उपचार की जानकारी

लू लगने प्रारंभिक उपचार के अंतर्गत बुखार पीड़ित व्यक्ति के सर पर ठंडे पानी की पट्टी लगाए। अधिक पानी व पेय पदार्थ पिलाए जैसे कच्चे आम का पना, जलजीरा आदि। पीड़ित व्यक्ति को पंखे के नीचे हवा में लेटा दे, शरीर पर ठंडे पानी का छिड़काव करते रहे, पीड़ित व्यक्ति को शीघ्र ही किसी नजदीक चिकित्सक या अस्पताल में इलाज करा सकते हैं। मितानीन, एएनएम से ओआरएस की पैकेट हेतु संपर्क करें। इसके साथ ही लू से संबंधित किसी भी प्रकार के सूचना व जानकारी हेतु जिला सर्वेलेंस इकाई महामारी नियंत्रण कक्ष क्रमांक 12 कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बालोद एवं टोल फ्री नंबर 104 पर संपर्क कर सकते हैं।

## पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ और प्रज्ञा पुराण का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

ग्राम रनचिरई में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण का आयोजन गायत्री परिवार एवं समस्त ग्रामवासी के सहयोग से किया गया।

जिसमें कथा वाचक पंचकोशी धाम नव चेतना केंद्र फिंगेश्वर परमानंद यादव उपस्थित हुए। रात्रि में आंचलिक कवि सम्मेलन आयोजित की गई जिसमें कवियों ने नशा पान से होने वाले नुकसान को फेफड़ा, आंत, कैंसर जैसे भयंकर बीमारियों के दुष्परिणामों से सावधान रहने की अपील के साथ गौ माता संवर्धन, पर्यावरण सुरक्षा, बेटियों के सम्मान एवं विभिन्न सामाजिक बुराइयों को दूर करने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया।

प्रतिभागी कवि के रूप में केशव राम साहू, शिव कुमार अंगारे, विजय कुमार टंडन, योगेश छत्तीसगढ़िया, दुष्यंत कौमार्य, कुसुम साहू ने भाग लिया। इस अवसर पर गायत्री परिवार परिवाजक मोहनलाल साहू, डोमन लाल, रिखीराम, शिवकुमार, समन लाल साहू, भेखराम, अमोली राम निर्मल, बिसाहू राम चंदन, राजेश चंद्रवंशी, संतोष, रोहिणी साहू, जैनाबाई, रुखमणी, चित्रलेखा, फूल कुंवर, टूमेश्वरी, वेणु बाई, गौरी साहू उपस्थित थे।

## आईआईटी भिलाई का स्कूली छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**जामगांव आर।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत जिला दुर्ग के तीनों ब्लॉक दुर्ग, धमधा तथा पाटन के शासकीय हाई तथा हायर सेकंडरी विद्यालय के चयनित विद्यार्थियों को एक्सपोजर विजिट के लिए आईआईटी भिलाई का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। जिसमें स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम हायर सेकेंडरी स्कूल के डोमेश ठाकुर पिता पुरुषोत्तम ठाकुर कक्षा ग्यारहवीं तथा हिंदी माध्यम की कुमारी भुनेश्वरी साहू पिता हेमंत कुमार साहू कक्षा ग्यारहवीं का चयन किया गया। इस भ्रमण में स्टूडेंट्स को कई शिक्षाविदों को सुनने का अवसर प्राप्त हुआ। साथ ही आईआईटी भिलाई के ओ आर एल लैब,टेक लैब आदि को भ्रमण करने का भी मौका मिला। उक्त भ्रमण के लिए विकासखंड समन्वयक की भूमिका में शाला की विनीता सुधीर का योगदान भी रहा। शाला की प्राचार्य कविता साहू ने छात्रें को आईआईटी भ्रमण के लिए प्रोत्साहित किया और पालकों से संवाद भी किया। प्राचार्य ने छात्रें की उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दिए।

- चयनित छात्रों ने लैब का किया अवलोकन, विशेषज्ञों से मिली नई सीख



## पेंशनरों का धरना-प्रदर्शन 20 को मुख्यमंत्री के नाम सौपेंगे ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

छत्तीसगढ पेंशनर समाज तहसील ईकाई गुरुर द्वारा भी पेंशनर भवन गुरुर में धरना–प्रदर्शन उपरांत ज्ञापन सौपे जायेगे। इसके लिए अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, व पुलिस थाना गुरुर को सूचित कर दिया गया है। छत्तीसगढ पेंशनर समाज तहसील ईकाई गुरुर जिला–बालोद अध्यक्ष सेवाराम तेजस्वी ने बताया कार्यालय छत्तीसगढ पेंशनर समाज रायपुर के पत्र 14 मार्च के अनुसार राज्य स्तर, जिला स्तर एवं तहसील स्तर पर 20 मार्च को 1 बजे से 04 बजे तक धरना–प्रदर्शन कर, जिला दंडाधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाना है।

- महंगाई , एरियर भुगतान सहित विभिन्न मांगों को लेकर होगा प्रदर्शन



धरना–प्रदर्शन के प्रमुख मांग में पेंशनरी भुगतानों में धारा 49(6)की प्रक्रिया को समाप्त किया जावे। पेंशनरों को 1जनवरी एवं 01 जुलाई से केंद्र के समान मंहगाई भत्ता स्वीकृत किया जवे। छटवें वेतनमान के अनुरुप 01 जनवरी 2006 से पूर्व सेवानिवृत्त कर्मचारियों को 01 जनवरी 2006 से 31 अगस्त 2008 तक के 32 माह के एरियर का भुगतान किया जावे। सातवे वेतनमान के अनुरुप 01 जनवरी 2006 से पूर्व सेवानिवृत्त पेंशनरों को 01 जनवरी 2006 से 31 अगस्त 2008 तक का 27 माह का एरियर भुगतान किया जावे। पेंशनर कल्याण निधि से पेंशनरों को चिकित्सा व्यय का भुगतान किया जावे। या केश–लेश चिकित्सा सुविधा प्रदान किया जाए।

## जुन्नापानी में कर्मा जयंती हर्षोल्लास से मनाई





हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

वनांचल के ग्राम जुन्नापानी में ग्रामीण साहू समाज के तत्वाधान में मां कर्मा जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। सर्वप्रथम साहू समाज के सामाजिक भवन के सामने भक्त माता कर्मा के तैलचित्र पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ मंडल अध्यक्ष ललित साहू के कर कमलों से किया गया।

गांव में कलश यात्रा निकाल कर गली भ्रमण किया गया। तत्तपश्चात ध्वजारोहण एवं आरती किया गया। मुख्य अतिथि में ललित साहू, विशिष्ट अतिथि एन एस बघेल सेवानिवृत प्रधानपाठक, युवराज साहू तहसील संगठन कार्यकारिणी सदस्य द्वारा माँ कर्मा के जीवन पर प्रकाश डाला गया, साथ ही विशिष्ट अतिथि एन.एस. बघेल ने भविष्य को लेकर युवाओं को अगाह करते हुए व्यसन की बुराई से बचने एवं सामाजिक गतिविधि में आगे बढ़कर हिस्सा लेने की अपील की गई। इस अवसर पर एन. एस. बघेल सेवानिवृत प्रधान-पाठक ने गत वर्ष कर्मा जयंती पर घोषणा के अनुरूप पांचवी,10वीं व 12वीं कक्षा में समाज के उत्कृष्ट अंक 80% से ऊपर अर्जित करने वाले छः विद्यार्थियों को 1000 रु एवं मोमेन्टो स्वयं के द्वारा प्रदान किया गया तथा प्रतिवर्ष 80% से ऊपर बोर्ड कक्षाओं में अंक प्राप्त करने वाले सामाजिक बच्चों को 1000रु व शील्ड प्रदाय करने की घोषणा किया गया।

- कलश यात्रा, छात्र सम्मान और खिचड़ी प्रसादी के साथ सम्पन्न

कार्यक्रम में प्रशांत चौधरी अध्यक्ष, उमेदी राम साहू सचिव, बबलू हिरवानी संगठन सचिव,रिखी बघेल ,नौमेश वैष्णव, चन्द्रशेखर सुकतेल, ग्रामीण पटेल, तरुण चौधरी एवं समाज के लोग उपस्थित थे। अंत में खिचड़ी प्रसादी वितरण कर कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम का संचालन शेषनारायण बघेल ने किया।

## श्री कृष्णा गौशाला को मिली एम्बुलेंस, घायल मवेशियों को मिलेगा त्वरित उपचार

**गुण्डरदेही।** महेश्वरी एनीमल वेल्फेयर फाउंडेशन नागपुर द्वारा गुण्डरदेही नगर के श्री कृष्णा गौ शाला को गौ माता की सेवा हेतु एम्बुलेंस गाड़ी प्रदान की गई। जिसकी गौ सेवको ने पुजा अर्चना किया गया।

इस पुनीत कार्य के लिए गुण्डरदेही नगर के गौ सेवको ने वेल्फेयर फाउंडेशन नागपुर को बधाई दी है। बतादे कि एम्बुलेंस मिलने से अब घायल मवेशी को तत्काल उपचार के साथ उनकी जान बचाई जा सकती है। जो यह एम्बुलेंस 24 घंटे सेवा मे उपलब्ध रहेगी। एम्बुलेंस घटनास्थल से घायल मवेशी को कृष्णा गौ शाला लाएगी जहां गौ सेवको द्वारा उपचार के साथ देख रेख व चारा पानी की सारी सुविधा उपलब्ध करा रही है।



## राधाकृष्ण मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन में यादव समाज के लोग रहे उपस्थित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



कोसरिया यादव समाज सर्किल खांडा के सर्किल मुख्यालय आमटी घाट में राधा-कृष्ण मंदिर निर्माण के लिए विधि-विधान के साथ भूमि पूजन किया गया। इस पावन अवसर पर समाज के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में ग्रामीण सरपंच श्रीमती दुर्गा पुरूषोत्तम चौधरी, मोहन साहू, सर्किल अध्यक्ष गुमेंद्र यादव, उपाध्यक्ष भोज राम यादव, सचिव भारत यादव, सलाहकार भगत राम यादव, महामंत्री उमेंद यादव, संरक्षक खुमान यादव, सरपंच राजु यादव, बिरेंद्र यादव, टीकाराम यादव, नंद कुमार यादव एवं युवा अध्यक्ष युवराज यादव सहित समस्त सम्माननीय पंचगण और बड़ी संख्या में यादव समाज के लोग उपस्थित रहे। भूमि पूजन के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजा-अर्चना की गई और राधा-कृष्ण मंदिर के शीघ्र निर्माण की कामना की गई। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि मंदिर निर्माण से क्षेत्र में धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा समाज में आपसी एकता और सद्भाव और मजबूत होगा। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने मंदिर निर्माण कार्य में सहयोग करने का संकल्प लिया।

- धार्मिक-सांस्कृतिक गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा

## विविध धाराओं में कार्रवाई की गई

# पार्षद पर जानलेवा हमले के बाद सियासत भाजपा नेता पर लगाया मारपीट का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्ली राजहरा







नगर पालिका परिषद के वार्ड क्रमांक 07 में हुए कथित जानलेवा हमले के बाद अब मामला पूरी तरह राजनीतिक रंग ले चुका है। पार्षद वीरेंद्र साहू द्वारा भाजपा जिला महामंत्री सौरभ लुनिया पर सीधे आरोप लगाए जाने के बाद जहां माहौल गर्म है, वहीं सौरभ लुनिया ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इसे साजिश करार दिया है।

पीड़ित और अस्पताल में भर्ती पार्षद वीरेंद्र साहू का आरोप इशारे पर हुआ हमला, बाल-बाल बचा वार्ड 07 के पार्षद वीरेंद्र साहू ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन पर हुआ जानलेवा हमला सुनियोजित था और इसके पीछे सौरभ लुनिया का हाथ है। उनका कहना है कि हमलावर सौरभ लुनिया के इशारे पर आए थे। समय रहते मैं मौके से भागकर घर में छिप गया, नहीं तो मेरी जान जा सकती थी। इस बयान के बाद पूरे दल्लीराजहरा शहर में चर्चा का माहौल बन गया और राजनीतिक हलचल तेज हो गई। दूसरी ओर, भाजपा जिला महामंत्री सौरभ लुनिया ने इन आरोपों को पूरी तरह निराधार बताते हुए कहा कि यह उनकी छवि खराब करने की कोशिश है।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि घटना से मेरा कोई लेना-देना नहीं है। बिना किसी साक्ष्य के इस तरह के आरोप लगाना राजनीतिक दुर्भावना को दर्शाता है।

भाजपा-कांग्रेस पार्षद एक मंच पर, आरोपों की निंदा,,इस पूरे घटनाक्रम में सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों के पार्षद एक साथ सामने आए और संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर वीरेंद्र साहू के आरोपों को खारिज कर दिया।

### पुराना विवाद भी आया सामने

प्रेस विज्ञप्ति में यह भी उल्लेख किया गया कि कुछ दिन पहले एसडीएम कार्यालय में आबकारी विभाग की बैठक के दौरान दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस हुई थी। बताया गया कि बैठक में विषयांतर को लेकर विवाद बढ़ा, जिसके बाद आपसी कहासुनी और आरोप-प्रत्यारोप की स्थिति बनी। बाद में पार्षद द्वारा नगर पालिका सभागार में अपने व्यवहार के लिए माफी मांगने और पूर्व शिकायत पर कार्रवाई नहीं चाहने की बात भी सामने आई।

### जांच जारी

नगर पुलिस अधीक्षक विकास पाटले कहते हैं कि पार्षद पर जानलेवा हमला किया गया था। आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। कड़ी कार्रवाई की गई है, विभिन्न धाराओं पर कार्रवाई करने के बाद न्यायालय में पेश किया गया है। न्यायालय ने उन्हें जेल भेज दिया है। आगे भी विभिन्न बिंदुओं पर जांच चल रही है। - **विकास पाटले** नगर पुलिस अधीक्षक

## पेज 9 का शेष

### सोने-चांदी के जेवरात व ...

एवं स्टाफ द्वारा मामले की बारीकी से जांच कर आरोपियों को पकड़ा गया। प्रार्थी नेमीचंद साहू, निवासी ग्राम कसही ने दिनांक 21 जून 2025 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह 20 जून को अपने परिवार सहित अपने पुराने गांव तिलईरवार (जिला राजनांदगांव) गया हुआ था। रात्रि में वहीं रुकने के बाद जब 21 जून को दोपहर में वापस घर पहुंचा तो देखा कि शयन कक्ष का ताला टूटा हुआ है और आलमारी का लॉकर भी तोड़ दिया गया है। अज्ञात चोरों द्वारा घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात एवं नगदी रकम चोरी कर ली गई थी। मामले की विवेचना के दौरान पुलिस ने प्रार्थी एवं गवाहों से पूछताछ की तथा साइबर सेल की सहायता से संदिग्धों की जानकारी जुटाई। मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी की घटना में तिलईरवार गांव के ही कुछ लोग शामिल हैं और चोरी का सामान वहीं छिपाकर रखा गया है। संदेहियों को थाना लाकर कड़ाई से पूछताछ की गई, जिसमें उन्होंने अपराध स्वीकार किया। जांच में यह तथ्य सामने आया कि आरोपी खिलेन्द्र कुमार साहू उर्फ बंटी एवं महेश साहू उर्फ महेशू, जो प्रार्थी के रिश्तेदार हैं, को घर की पूरी जानकारी थी। प्रार्थी के परिवार के तिलईरवार जाने की जानकारी मिलते ही दोनों ने योजना बनाकर उसी रात मोटरसाइकिल से ग्राम कसही पहुंचकर घर में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरी का सामान ग्राम तिलईरवार में छिपाकर रखा गया तथा कुछ सामान अन्य आरोपियों को बेच दिया गया।

### सामान जब्त

बालोद से आरक्षक संदीप यादव एवं तकनीकी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### शिव-पार्वती की मूर्ति ...

चौंक के पास एवं उसके थोडा दूर में गौरी गौरा में शिव पार्वती का मूर्ति ग्रामीणो के सहयोग से स्थापित किया गया था जिसमें गांव के सभी लोग जाकर पुजा अर्चना करते थे 12 मार्च के करीबन रात्रि 11 बजे गांव के ही गोर्वधन साहू ने अपने घर आबादी पारा से आकर गौरी गौरा शिव पार्वती कि दो मूर्ति को तोड फोड कर क्षति पहूंचाया है, जिससे शिव पार्वती की दोनों मूर्ति दोनों हाथ को तोड कर क्षति पहूंचाया है। तारेन्द्र ने कहा कि गोर्वधन साहू द्वारा हमारे धर्म को अपमान करने के आशय से हमारी उपासना के केन्द्र पवित्र स्थान के शिव पार्वती कि मूर्ति को तोड फोड कर क्षति पहूंचा कर हमारी धार्मिक भावना को ठेस पहूंचाया है।

**खबर संक्षेप**

## गोपाल बने प्रदेश साहू संघ के कोषाध्यक्ष



**गुरूर।** साहू समाज को संगठित कर और भी सशक्त करने प्रदेश साहू संघ द्वारा नये पदाधिकारियों क मनोनीत किया जा रहा है, इसी कड़ी में जिले के गुरुर ब्लाक निवासी एवं वरिष्ठ जन सेवक गोपाल साहू को प्रदेश कोषाध्यक्ष बनाया गया है। गोपाल साहू के इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए जिला साहू संघ अध्यक्ष महेंद्र साहू, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू, पूर्व मंत्री रमशीला साहू, पूर्व विधायक डॉ. दयाराम साहू, टहल साहू, दीपक ताराचंद साहू, पूर्व विधायक कुमारी बाई साहू, मिथलेश साहू, तुकाराम साहू, सुचित्र साहू, प्रेम साहू, प्रतिभा चौधरी, टुमन लाल साहू, भानुमति साहू, मदन सोनबरसा, छवि सार्वा, जिला कार्यकारी अध्यक्ष किशोरी साहू, कृष्णा साहू, राजेन्द्र साहू, कृष्णराम साहू, रश्मि साहू, जानकी साहू, डॉ. कमलराम साहू, तुकाराम साहू, बंशीलाल साहू, खेदूराम साहू, जिला साहू संघ प्रमुख सलाहकार हलधर साहू, नेतराम साहू, रामस्वरूप साहू, खिलेश्वर साहू, शिव कलिहार, विनीता साहू, रेखा साहू, रत्ना हिरवानी, धर्मेंद्र कुमार साहू, अशोक कुमार साहू, पंकज चौधरी, हरीश कुमार, उत्तम साहू, दुर्गाशंकर साहू, तहसील अध्यक्ष प्रेमलाल साहू, मिथलेश साहू, मानसिंह सार्वा, उमाशंकर साहू, परमानंद साहू, नरेन्द्र हिरवानी, शीतल साहू, हिंछाराम साहू, समस्त परिक्षेत्रीय एवं ग्रामीण पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त की है।

## चीरचार में भव्य कर्मा जयंती समारोह 21 को



**बालोद/निकुम।** परिक्षेत्र साहू समाज मोहंदीपाठ एवं ग्रामीण साहू समाज चीरचार के तत्वाधान मे 21 मार्च शनिवार को ग्राम चीरचार में भव्य कर्मा जयंती समारोह में 17 गांव के साहू समाज सम्मिलित होंगे, कार्यक्रम को लेकर साहू समाज के पदाधिकारी एवं ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है और आयोजन की तैयारी जोर–शोर से चल रही है। परिक्षेत्रीय साहू समाज मोहंदीपाठ अध्यक्ष देवधर साहू व चुकेश्वर साहू ने बताया कि सुबह 9 बजे शोभा यात्र के पश्चात कर्मा माता की मूर्ति स्थापना, दोपहर 2 बजे अतिथियों का स्वागत जिसमें मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष अ. जा. प्राधिकरण डोमन लाल कोर्सेवाड़ा होंगे। जिसमे मुख्य अतिथि गुंडरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद होंगे, अध्यक्षता अध्यक्ष तहसील साहू समाज अर्जुन्दा उमाशंकर साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि में जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर, जनपद सदस्य नेम बाई चुम्मन साहू, पवन सोनवर्षा सहित पदाधिकारी सम्मिलित होंगे, वही समाज में प्रतिभा शाली बच्चो सहित समाज में सेवा कर रहे विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा, वही महा प्रसादी भंडारा भी होगा।

### आयोजन : भव्य शोभायात्रा, सांस्कृतिक कार्यक्रम और समाज की एकजुटता की दिखी झलक

# भक्त माता कर्मा की जयंती हर्षोल्लास से मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



ग्राम मुंदेरा में साहू समाज की आराध्य देवी भक्त माता कर्मा की जयंती हर्षोल्लास और भक्तिमय वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर साहू समाज द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें समाज की परंपराओं, संस्कृति और एकजुटता की झलक देखने को मिली।

■ माता कर्मा के जीवन से प्रेरणा लेने और समाज को संगठित करने पर जोर

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और सामाजिक पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ माता कर्मा के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पित कर किया गया। इस गौरवशाली आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में तहसील अध्यक्ष, साहू समाज मानसिंह सार्वा उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में अध्यक्ष, जिला पंचायत बालोद तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर और सभापति, जिला पंचायत बालोद कांति सोनेश्वरी ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। समारोह को संबोधित करते हुए अतिथियों ने माता कर्मा के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। मानसिंह सार्वा ने कहा कि माता कर्मा का जीवन हमें सिखाता है कि सच्ची भक्ति में ही शक्ति है। उन्होंने समाज को शिक्षित और संगठित होने का आह्वान किया। जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर ने बधाई देते हुए कहा कि माता कर्मा केवल साहू समाज की ही नहीं, बल्कि संपूर्ण नारी शक्ति और भक्ति मार्ग की प्रेरणा स्रोत हैं। ग्रामीण विकास में समाज की भूमिका सराहनीय है। जिला पंचायत सभापति कांति सोनेश्वरी ने सामाजिक कुरीतियों को त्यागने और नई पीढ़ी को अच्छे संस्कार देने पर जोर दिया। जयंती के अवसर पर गांव में भव्य शोभायात्र निकाली गई, जिसमें माता कर्मा के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। इसके पश्चात स्थानीय कलाकारों और बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम के अंत में साहू समाज के पदाधिकारियों ने सफल आयोजन के लिए ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना और आने वाली पीढ़ी को अपनी गौरवशाली विरासत से परिचित कराना रहा। इस दौरान जनपद सदस्य वंदना हिरवानी, सरपंच प्रीति ग्वालियर, उपाध्यक्ष परिक्षेत्रीय साहू समाज गुण्डरदेही खिलेश्वर प्रसाद साहू, बलद राम साहू, राजेन्द्र हिरवानी, उपाध्यक्ष जिला साहू संघ बालोद धीरज साहू, बिशेलाल साहू, अध्यक्ष साहू समाज किलेश्वर साहू सहित बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु, माताएं–बहनें और ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## माता कर्मा जयंती पर समाज की कुरीतियों को दूर करने का आवाहन



**बालोद।** साहू समाज की आराध्य देवी, शिरोमणि भक्त माता कर्मा की जयंती के अवसर पर गुण्डरदेही क्षेत्र के ग्राम चिचबोड़ और बरबसपुर में भक्ति और उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर आयोजित विशेष पूजा–अर्चना और सामाजिक सम्मेलन में जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुईं। कार्यक्रम में सामाजिक पदाधिकारियों और ग्रामीणों ने माता कर्मा के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर क्षेत्र की सुख–समृद्धि की कामना की।

आयोजन की शुरुआत कलश यात्र और भव्य शोभायात्र के साथ हुई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं माता कर्मा के जयकारे लगाते हुए शामिल हुईं। चिचबोड़ और बरबसपुर दोनों ही स्थानों पर सामाजिक एकता का अनूठा उदाहरण देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान मंच से समाज के गौरव और माता कर्मा के आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद ने कहा कि भक्त माता कर्मा केवल साहू समाज के साथ संपूर्ण मानव जाति के लिए त्याग और अटूट भक्ति की प्रतीक हैं। उन्होंने सिखाया कि सच्ची भक्ति के वश में स्वयं भगवान भी होते हैं। आज के इस दौर में हमें माता कर्मा के दिखाए सत्य और सेवा के मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। समाज की असली शक्ति उसकी एकता और शिक्षा में निहित है। मुझे खुशी है कि हमारा समाज अपनी संस्कृति को सहेजते हुए विकास की ओर अग्रसर है। जिला पंचायत सभापति कांति सोनेश्वरी ने कहा कि माता कर्मा जयंती का यह उत्सव हमें अपनी जड़ों से जुड़ने का अवसर देता है। हम संकल्प लें कि हम अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा देंगे और समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करेंगे। संगठित समाज ही राष्ट्र निर्माण में अपनी प्रभावी भूमिका निभा सकता है। ग्राम चिचबोड़ और बरबसपुर के स्वजातीय बंधुओं ने जिस गर्मजोशी से यह आयोजन किया है, वह सराहनीय है।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर ग्राम बरबसपुर में सरपंच भेनूराम साहू, उपाध्यक्ष जिला साहू संघ बालोद भानुमती साहू, डोमेश्वरी साहू, ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार ठाकुर, कुबेर चौधरी, अध्यक्ष साहू समाज हेमशंकर साहू, ताराचंद साहू तथा ग्राम चिचबोड़ के कार्यक्रम में पूर्व जनपद सदस्य तेजराम साहू, सरपंच भागवत प्रसाद साहू, उपसरपंच कविता ध्रुव, अध्यक्ष साहू समाज मुकेश साहू, ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार साहू, हेमलता साहू, पंच मीना साहू, रामजी साहू, ढालसिंह साहू, रामचरण साहू, रोहित देवांगन, जीधन साहू एवं समस्त ग्रामवासी और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भक्त माता कर्मा के आदर्शों को आत्मसात कर समाज के उत्थान में दें योगदानः तोमन





**बालोद।** भक्त माता कर्मा जयंती के पावन अवसर पर जिला पंचायत बालोद के उपाध्यक्ष एवं चेयरमेन भारतीय रेड क्रास सोसायटी तोमन साहू विभिन्न ग्रामों में आयोजित ग्रामीण स्तरीय कर्मा जयंती महोत्सव में सम्मिलित होकर माता कर्मा के आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भक्त माता कर्मा त्याग, सेवा, भक्ति और सामाजिक समरसता की प्रतीक हैं। उनके जीवन से समाज को प्रेरणा लेकर आपसी भाईचारे, एकता और सेवा भावना को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि माता कर्मा की जयंती केवल एक उत्सव नहीं बल्कि समाज को संगठित करने और अपनी सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजने का अवसर भी है।

तोमन साहू ने अपने प्रवास के दौरान ग्रामीण क्षेत्रें में आयोजित कर्मा जयंती महोत्सव में उपस्थित होकर समाज के वरिष्ठजनों का आशीर्वाद लिया तथा युवा साथियों से समाज के उत्थान और संस्कृति संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर उन्होंने खैरवाही, बघमरा, जुंगेरा, लोंडी, बिरेतरा, तमोरा, भानपुरी, चरवाही, मटिया बी, सतमरा, पिपरछेड़ी, गोडरी एवं लिमोरा सहित कुल 13 ग्रामों में आयोजित कर्मा जयंती कार्यक्रमों में सहभागिता की। कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी, महिला मंडल, युवा साथियों एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी स्थानों पर समाजजनों द्वारा तोमन साहू का आत्मीय स्वागत किया गया तथा भक्त माता कर्मा की पूजा–अर्चना कर समाज की उन्नति और समृद्धि की कामना की गई। कर्मा जयंती के इन आयोजनों ने क्षेत्र में सामाजिक एकता, सांस्कृतिक जागरूकता और आपसी सद्भाव का संदेश दिया।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

महिलाओं के सम्मान, स्वावलंबन और सशक्तिकरण को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ग्राम मटेवा में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बालोद जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर शामिल हुईं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित मातृशक्ति ने तिलक लगाकर और पुष्पवर्षा कर अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया।

इस दौरान स्थानीय महिला समूहों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गई, जिसमें छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति और महिला सशक्तिकरण की झलक देखने को मिली।कार्यक्रम के दौरान मंच से अतिथियों ने महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया और समाज में उनके योगदान की सराहना की। अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आज की महिला अब अबला नहीं, बल्कि सबला है। घर की चारदीवारी से निकलकर महिलाएं आज अंतरिक्ष से लेकर खेती–किसानी और राजनीति तक में अपना परचम लहरा रही हैं। ग्राम मटेवा की बहनों का उत्साह देखकर यह स्पष्ट है कि जब एक महिला शिक्षित और जागरूक होती है, तो पूरा परिवार और समाज प्रगति करता है।

■ महिलाओं को अधिकारों और सशक्तिकरण के प्रति किया जागरूक

हमारा प्रयास है कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम छोर की महिला तक पहुँचे ताकि वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें। जिला पंचायत सभापति कांति सोनेश्वरी ने कहा कि समाज के निर्माण में महिलाओं की भूमिका नींव के पत्थर की तरह है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मात्र एक दिन का उत्सव नहीं है, बल्कि यह हर दिन महिलाओं के प्रति सम्मान व्यक्त करने का संकल्प है। हमें अपनी बेटियों को उच्च शिक्षा देनी चाहिए ताकि वे आने वाले समय में जिले और प्रदेश का नाम रोशन करें।

इस दौरान प्रमुख रूप से सदस्य जिला पंचायत बालोद मीना उमाशंकर साहू, जनपद सदस्य ललिता भूआर्य, सरपंच चौरेल पूजा यादव, सरपंच अमीन साहू, उपसरपंच ब्रिजेश देवांगन, सहदेव देवांगन, अध्यक्ष ग्राम संगठन शीला साहू, हर्षा साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महिलाओं को शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे महतारी वंदन योजना और बिहान योजना के माध्यम से स्वरोजगार जोड़ने की जानकारी दी गई।

## चैत्र नवरात्रि में पतंजलि योग समिति द्वारा ऑनलाइन योग सत्र का आयोजन

**डौंडीलोहारा।** पतंजलि योग समिति जिला बालोद की महिला सदस्यों द्वारा चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर विशेष योग सत्र का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन महिलाओं को स्वस्थ एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि स्वामी रामदेव द्वारा स्थापित संस्था के मार्गदर्शन में कोरोना काल से लेकर अब तक लगातार 1760 दिनों से प्रतिदिन सुबह 5:15 बजे से 6:45 बजे तक नियमित ऑनलाइन योग कक्षाएं संचालित की जा रही हैं, जो आज भी निरंतर जारी हैं। नवरात्रि के इस विशेष आयोजन में महिलाओं द्वारा विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया जाएगा। इस कार्यक्रम में बालोद जिले के साथ-साथ अन्य जिलों के योग साधक भी शामिल होंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत नौ दिनों तक नौ देवियों के स्वरूप में योग साधिकाएं प्रस्तुति देंगी। इसमें शैलपुत्री के रूप में रोशनी, ब्रह्मचारिणी के रूप में खुशी साहू, चंद्रघंटा के रूप में मीनाक्षी देवी, कूष्मांडा के रूप में पूर्वी एवं लतिका साहू, स्कंदमाता के रूप में नैन देवी साहू, कात्यायनी के रूप में नंदनी साहू, कालरात्रि के रूप में सरिता, महागौरी के रूप में श्यामा देवी तथा सिद्धिदात्री के रूप में लक्ष्मी साहू योगाभ्यास कराएंगी। समिति के अनुसार ऐसे आयोजन वर्ष में दोनों नवरात्रि पर किए जाते हैं, जिनका उद्देश्य योग साधना के माध्यम से स्वस्थ एवं आनंदमय जीवन जीने की प्रेरणा देना है। नियमित ऑनलाइन कक्षाओं में 40 से अधिक साधक जुड़ते हैं। इस संबंध में जानकारी कमलकांत साहू, तीरथ अटल एवं पूरन साहू (सोशल मीडिया प्रभारी) द्वारा दी गई। ऑनलाइन योग कक्षा में शामिल होने के इच्छुक संपर्क कर सकते हैं।



# व्यवहार न्यायालय की मांग, सर्व समाज ने सीएम को सौंपा ज्ञापन



**डौंडी।** बालोद जिले के डौंडी ब्लॉक में प्रस्तावित व्यवहार न्यायालय को चिखलाकस के बजाय डौंडी तहसील मुख्यालय में स्थापित करने की मांग अब जोर पकड़ती जा रही है। इसी मांग को लेकर सर्व समाज, विभिन्न संगठनों और समुदायों के प्रतिनिधियों ने एकजुट होकर राज्य सरकार के समक्ष अपनी बात रखी। जनप्रतिनिधियों के प्रतिनिधिमंडल ने विष्णु देव साय से विधानसभा भवन में मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा। इस दौरान दाऊ ललित चंद्राकर का विशेष सहयोग और मार्गदर्शन रहा। मुख्यमंत्री ने डौंडी में व्यवहार न्यायालय मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही प्रतिनिधियों ने गजेन्द्र यादव (विधि एवं विधायी, उच्च शिक्षा मंत्री) को भी ज्ञापन सौंपा। उन्होंने एक सप्ताह के भीतर जांच कर जानकारी देने की बात कही।

### सर्व समाज का मिला समर्थन

डौंडी ब्लॉक के विभिन्न सामाजिक और व्यापारिक संगठनों ने पूर्व में बैठक कर इस मांग का समर्थन किया है। सभी ने अपने-अपने लेटरपैड पर सहमति देते हुए न्यायालय को डौंडी में स्थापित करने की मांग को उचित बताया।

### ये रहे उपस्थिति

समर्थन देने वालों में व्यापारी संघ डौंडी, नगर पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, भाजपा मंडल, कांग्रेस कमेटी, सर्व आदिवासी समाज, गोंडवाना समाज, हल्बा-हल्बी आदिवासी समाज, सरपंच संघ, पिछड़ा वर्ग समाज, अंजुमन इस्लामिया कमेटी, शीतला मंदिर समिति, किसान संघ और एकता व्यापारी संघ शामिल हैं। लगातार हो रही पहल और व्यापक जनसमर्थन के चलते अब क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि सरकार जल्द ही इस मांग पर सकारात्मक निर्णय लेगी। डौंडी में न्यायालय स्थापित होने से आसपास के ग्रामीणों को न्यायिक कार्यों के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा, जिससे समय और संसाधनों की बचत होगी। ज्ञापन देने वालो में तिलक दुबे, नंद लोनहारे, भावेश अग्रवाल,नीतीश साहू, सहित अन्य पदाधिकारीगण साथ थे।

# सुर्रा में 32 लाख की पुलिया का भूमिपूजन और कर्मा जयंती उत्साह से मनाई गई

**गुरूर।** अहिवारा विधायक डोमन कोर्सेवाड़ा ने बालोद जिले के ग्राम सुर्रा में मंडी बोर्ड द्वारा स्वीकृत 32 लाख रुपये की लागत वाले पुलिया निर्माण का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर वे ग्राम में आयोजित भक्त माता कर्मा जयंती कार्यक्रम में भी मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। पुरानी यादों ने किया भावुक भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक कोर्सेवाड़ा भावुक हो गए। उन्होंने राजनीति में आने से पूर्व इसी ग्राम के मिडिल स्कूल में प्रधान पाठक के रूप में दी गई अपनी सेवाओं को याद किया। उन्होंने कहा कि सुर्रा के ग्रामीणों से उन्हें हमेशा आत्मीय स्नेह मिला है और वे इस गांव के विकास के लिए यथासंभव प्रयास करते रहेंगे।





### मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद निकली भव्य शोभायात्रा

इससे पूर्व भक्त माता कर्मा जयंती के अवसर पर स्थानीय कर्मा मंदिर में विशेष पूजा–अर्चना और आरती की गई। इसके बाद गांव की गलियों में भव्य कलश शोभायात्र निकाली गई। अतिथियों ने माता कर्मा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। विशेष अतिथि के रूप में पूर्व विधायक वीरेन्द्र साहू, जन सेवक राकेश यादव, साहू समाज अध्यक्ष बीरेंद्र सांहड़ा, सरपंच नरेन्द्र ठाकुर और पूर्व सरपंच खिलेश्वरी गंजीर सहित बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### छात्रों ने आपराधिक मामलों पर रखा पक्ष, अधिवक्ताओं ने दिया मार्गदर्शन

# मूट कोर्ट के माध्यम से विधि छात्रों ने सीखे वकालत के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद के विधि विभाग द्वारा मूट कोर्ट का आयोजन किया गया। जिसमें विधि विभाग के समस्त छात्रओं ने भाग लिया। इस मूट कोर्ट में निर्णायक के रूप में अधिवक्ता प्रियंका मिश्रा एवं अधिवक्ता प्रशांत पवार उपस्थित थे।

सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। तत्पश्चात छात्रओं की जो टीम बनी हुई थी उनको पर्चाएँ द्वारा पक्ष विपक्ष तय किया गया। सभी टीमों ने दिए गए आपराधिक मामले पर अपना पक्ष बहुत सुंदर एवं जोरदार तरीके से पक्ष रखा। अंत में दोनों निर्णायकों ने छात्र छात्रओं द्वारा किए गए प्रयासों की प्रशंसा की और उन्हें अपने उद्बोधन के द्वारा छात्रें को कैसे मामले को तैयार किया जाता है और न्यायालय में अपना पक्ष कैसे रखें इस पर मार्गदर्शन भी दिया। अंत में दोनों निर्णायकों को विभाग द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।





इस अवसर पर विधि विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ राघवेश पांडेय ने कहा कि न्यायालय की कार्यवाही के बारे में सीखने का यह एक बहुत अच्छा अवसर है और छात्र–छात्रओं को आभासी न्यायालय में बढ़–चढ़ कर भाग लेना चाहिए। स्वागत भाषण डॉक्टर स्वाति वैष्णव के द्वारा दिया गया और आभार प्रदर्शन डॉक्टर जैनेन्द्र कुमार पटेल के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधि विभाग के अतिथि प्राध्यापक डॉक्टर पूनम चंद्र गुप्ता, राजेंद्र गेदरे, सुब्रत मंडल, नितिन मिंज उपस्थित थे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### आपदा में मृत के परिजनों को 4-4 लाख की सहायता स्वीकृत

**बालोद।** जिले में प्राकृतिक आपदा नैसर्गिक विपत्तियों के कारण जिले के 02 मृत व्यक्ति के परिवार निकटतम वारिस को आर्थिक सहायता अनुदान दिए जाने के प्रावधानों अनुसार 04–04 लाख रूपए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया है। अपर कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदार को निर्देशित किया है कि वे स्वीकृत राशि का आहरण एवं भुगतान मृतकों के निकटतम वारिस को करने के निर्देश दिए हैं। जारी आदेश में बालोद तहसील के मृतक प्रकाश पद्माकर की पत्नी राधा बाई ग्राम भेड़िया नवागांव एवं डौण्डी तहसील के मृतक संतोषी बघेल के पति ओमप्रकाश बघेल निवासी काड़े को 04–04 लाख रूपये स्वीकृत किया गया है।

## निधन

### केशव सिंह बैस

**कुसुमकसा।** निवासी स्व ठाकुर गोविंद सिंह बैस के छोटे पुत्र केशव सिंह बैस (59 वर्ष) का आकस्मिक निधन 17 मार्च सोमवार को देवपुरी रायपुर मे सड़क दुर्घटना मे हो गया, उनका अंतिम संस्कार 18 मार्च को गृह ग्राम कुसुमकसा के मुक्तिधाम मे किया गया। केशव सिंह बैस पिछले कुछ सालों से मुकुट नगर रायपुर मे निवासरत थे। वे लोमस सिंह बैस के छोटे भाई, मनीष सिंह बैस, पुष्पजीत बैस के चाचा व शशांक बैस के पिता थे।




तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज


## राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम : 17 मार्च से 21 अप्रैल तक चलेगा अभियान

# शिशु संरक्षण माह की शुरुआत, 77 हजार से अधिक बच्चों को पिलाई जाएगी विटामिन 'ए' की खुराक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम अन्तर्गत शिशु संरक्षण माह 17 मार्च से 21 अप्रैल तक मनाया जाएगा। जिसका विधिवत शुभारंभ आज मितानिन भवन बालोद में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा बच्चों को विटामिन ए की सिरप पिलाकर किया गया। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेएल. उइके के निर्देशन में अभियान चलाया जा रहा है।

■ कुपोषित बच्चों पर विशेष जोर

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. जेके सिंह ने बताया कि विटामिन ए की खुराक जिले के सभी शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों में निःशुल्क उपलब्ध होगी। शिशु संरक्षण माह के दौरान सत्र का आयोजन मंगलवार और शुक्रवार को होंगे।

एक माह तक चलने वाले अभियान को लेकर जिला स्वास्थ्य विभाग ने तैयारी पूर्ण कर ली है। सभी शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों में सुबह 09 बजे से शाम 04 बजे के बीच ग्रामीण व शहरी क्षेत्रें में बच्चों को विटामिन ए सिरप, आयरन सिरप, बच्चों का वजन तथा आंगनबाड़ी स्थित सत्रें में संपूरक पोषण आहार की सेवाओं का हितग्राहियों की पात्रता और पोषण तत्वों की आवश्यकता के अनुरूप उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही अति गंभीर कुपोषित बच्चों को चिन्हांकित कर पोषण पुनर्वास केन्द्रों में पोषण आहार की प्रदायगी समेत संक्रमण के उपचार के लिए तत्काल व्यवस्था किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि जिले में 1994 टीकाकरण सत्रें का आयोजन किया जाएगा। जिसके अंतर्गत जिले के 09 माह से 05 वर्ष के कुल लक्षित 77 हजार 291 बच्चों को विटामिन ए एवं 06 माह से 05 वर्ष के कुल लक्षित 81 हजार 838 बच्चों को आयरन सिरप की दवा एक एमएल सप्ताह में दो बार दी जाएगी। स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग और अन्य विभागों से समन्वय कर इस अभियान को सफल बनाया जा रहा है।

## बाबा दरबार धाम में नवरात्रि महोत्सव में ज्योति कलश की होगी स्थापना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में 19 मार्च से नवरात्रि पर्व बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी ने बताया कि ज्योति शुल्क 751 रुपए रखा गया है। जो भी भक्त गण दरबार में ज्योति जलवाने इच्छुक हैं।

■ विधि–विधान से होगी घटस्थापना और ज्योति प्रज्वलन

वे संपर्क कर सकते हैं गुलाब किराना स्टोर धनोरा दुर्ग में 19 मार्च को दोपहर 12 बजे से दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा एवं पंडित विनय शर्मा के द्वारा विधी विधान के साथ पुजा पाठ करके घटस्थापना करके ज्योति प्रज्वलित करेंगे। इस बार दरबार में नवरात्रि पर्व पर अपना कार्यक्रम देगे अंतरराष्ट्रीय सुफी भजन गायक सुरेश ठाकुर एवं पुर्णिमा साहू के मंडली द्वारा जस गीत भजन प्रस्तुत किया जाएगा एवं हर रोज रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक गुलाब साहू हेमंत साहू भजन गायक के मंडली द्वारा माता सेवा का कार्यक्रम होगा इस बार हनुमान प्रकटोत्सव विशेष झांकी के साथ शाम 4 बजे से दरबार से निकल कर गली भ्रमण किया जाएगा एवं शाम 4 बजे से कुंज लाल साहू के द्वारा खिचड़ी प्रसाद हलुआ का वितरण किया जाएगा। महावीर उद्यान पर एवं रात्रि 10 बजे से दरबार के सामने सार्वजनिक मंच पर श्री राधा कृष्ण नाच पार्टी धुर्रे बंजारी वाले का कार्यक्रम होगा।लक्ष्मण बाबा ने सभी भक्तों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में आकर इस कार्यक्रम का लाभ उठाए। यह जानकारी दरबार प्रति निधी चंन्द्र कांत कोसरे एवं कुंज लाल साहू ने दी।

# चिटौद स्कूल के बच्चों ने किया डाकघर का शैक्षणिक भ्रमण





### सुकन्या योजना, बचत बैंक आदि प्रश्नों से बच्चों ने जानी प्रक्रिया

शिक्षा का केंद्र केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि प्रकृति शिविरों, परियोजनाओं प्रोजेक्ट्स और क्षेत्रीय कार्य फील्डवर्क, क्षेत्र भ्रमण के माध्यम से व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना है। इस महत्वपूर्ण उद्देश्य के साथ कक्षा शिक्षक ईश्वरी कुमार सिन्हा ने बच्चों को डाकघर का प्रत्यक्ष अवलोकन कराया। विद्यार्थियों ने सुकन्या योजना क्या है पैसा जमा कैसे करते हैं, आप पोस्टमैन कैसे बने, पत्र कैसे भेजते हैं, बच्चों का आधार कार्ड यहां कैसे बनता है। जैसे अपने बाल सुलभ प्रश्न शाखा डाकपाल वासुदेव साहू से की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

आधुनिक परिवेश में बदलते जीवन शैली के बीच एक–दूसरे को संदेश भेजने के तरीके मशीनी हो गए हैं, तब विस्मृत हो रहे डाक क्रियाकलापों को आज की पीढ़ी में पुनरुथापित करने का पहल शासकीय प्राथमिक विद्यालय चिटौद के विद्यार्थियों में किया जा रहा है, इसी कड़ी में कक्षा 5 वीं के 13 बालक और 20 बालिकाओं सहित 33 विद्यार्थियों ने अपने गांव के डाक घर का शैक्षणिक भ्रमण किया। उन्होंने बच्चों के इन सवालों सहित महिला सम्मान बचत प्रमाण पत्र, पोस्ट ऑफिस मंथली इनकम स्कीम, किसान विकास पत्र, सीनियर सिटीजन सेविंग स्कीम आदि सहित डाकघर की उपयोगिता में पत्र और पार्सल, बचत और निवेश, बीमा, बैंकिंग, पासपोर्ट आदि अन्य सेवाओं की जानकारी दी। डॉकपेटी में डाले पोस्टकार्ड अब घर में मिलने लगे हैं। कक्षा 5 वीं के हिंदी विषय में पाठ 16 के शीर्षक पत्र के अध्ययन के दौरान बच्चों ने अपने पालकों के नाम विद्यालय में हुए गणतंत्र दिवस समारोह व सांस्कृतिक कार्यक्रम की जानकारी अपने शब्दों में लिखे। डाकघर भ्रमण के दौरान सभी ने इसे डाकपेटी में डाला। यह पत्र चिटौद गांव के 33 घरों तक पहुंचने लगी है।

■ योजनाओं और सेवाओं की मिली जानकारी

सोशल मीडिया की चकाचौंध और शार्टकट के बीच आमतौर पर दो व्यक्तियों या पक्षों के बीच आदान–प्रदान की इस अभिव्यक्ति कौशल की विधा को जीवंत किया गया। बालोद उप सम्भागीय डाक निरीक्षक किशन लाल मेहर ने भारतीय डॉक प्रणाली के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रें में संचार और वित्तीय सुविधाओं को बच्चों को प्राथमिक स्तर से ही प्रत्यक्ष अध्ययन कराया गया।





